वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

दिनांक : 03.12.2022

पत्रांकः पू0वि0वि0/डी0एस0डब्लू/525/2022–23

शीर्ष प्राथमिकता

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा दिनांक 02 दिसम्बर, 2022 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्म भरने हेतु जारी की गयी समय–सारणी के अनुसार समस्त वर्गो के छात्र/छात्राएं दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 से 10 ~~नवम्बर~~ दिसम्बर, 2022 तक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म भर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के 03 दिन के अन्दर, आवेदन पत्र की हार्डकापी, वांछित संलग्नकों सहित अपने–अपने विभाग में जमा किया जाना है

2–सभी विभागाध्यक्षों से यह निवेदन है कि पूर्व की भाँति ही, विभाग में प्राप्त आवेदन पत्रों की मूल प्रति समस्त वांछित संलग्नकों सहित यथास्थान प्रमाणित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से वर्गवार सूची सहित जमा कराना सुनिश्चित करें, जिससे समयान्तर्गत से छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन फार्मो का आनलाइन अग्रसारण किया जा सके।

3–जिन छात्र/छात्राओं द्वारा सत्र 2022–23 का छात्रवृत्ति आवेदन फार्म पूर्व में आपने विभाग में जमा किया है और डी0एस0डब्लू कार्यालय द्वारा जारी की गयी छात्रवृत्ति आवेदन फार्म अग्रसारण की सूची में उनका नाम प्रदर्शित नहीं है। (सूची डी0एस0डब्लू कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है।) उन छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने छात्रवृत्ति आवेदन फार्म की छाया प्रति समस्त संलग्नको के साथ अपने विभागाध्यक्ष से सत्यापित कराकर दिनांक 10 दिसम्बर, 2022 तक अनिवार्य रूप से डी0एस0डब्लू कार्यालय में जमा कर दे जिससे कार्यालय द्वारा आवेदन फार्म का आनलाइन अग्रसारण किया जा सके।

(प्रो0 अजय द्विवेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संकाय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–सहा0 कुलसचिव, छात्रवृत्ति के सूचनार्थ।
5–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।
6–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण